संक्षिप्त

विद्या भारती छात्रों का सम्मान

जालोर, (कासं) । माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर की ओर से घोषित कक्षा 12 के परिणाम में विद्या भारती के छात्रों में विज्ञान संख्या में शत प्रतिशत रिजल्ट देते हुए पीसीएम और पीसीबी में 16 छात्रों ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त कर जालौर एवं विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्या भारती जालौर के छात्र हर साल बोर्ड परीक्षा में शानदार परीक्षा परिणाम देकर शिक्षा में पिछडा होने के बावजूद भी जालोर को अगले पायदान पर लेकर आते हैं, विद्यालय के निदेशक के एन भाटी ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि विद्या भारती उच्च माध्यमिक विद्यालय जालौर क्षेत्र का पहला निजी विद्यालय उच्च माध्यमिक विद्यालय है , जो शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नया आयाम स्थापित किए है । भाटी ने बताया कि इस प्रकार विद्यालय ने बोर्ड परीक्षाओं में निरंतर अच्छे परिणाम दिए हैं । बोर्ड द्वारा घोषित परिणाम में पीसीएम पीसीबी में दशरथ 97.67 प्रतिशत मेघवाल हितेश 96.33 प्रतिशत चित्रलेखा 96 प्रतिशत तनीषा 95.67 प्रतिशत प्रियांशु 95 प्रतिशत तमन्ना बानू 93.67 प्रतिशत निकिता 92. 33 प्रतिशत भेराराम 92 प्रतिशत दिनेश पी 91.67 प्रतिशत मनीषा 91.67 प्रतिशत दिनेश और 91.33 प्रतिशत मेहुल सुथार 91 प्रतिशत किरण सिंह 90.67 प्रतिशत कैलाश कुमार 90. 33 प्रतिशत गजेंद्र कुमार 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं जालौर का नाम रोशन किया है।

महिला ने खाया कीटनाशक, मौत

जोधपुर, (कासं)। शहर के निकटवर्ती लूणी तहसील के कालीजाल गांव में अपने पीहर आई एक महिला ने भूल से कीटनाशक का सेवन कर लिया। तबीयत बिगडऩे पर उसे अस्पताल ले जाया गया। मगर बाद में उसकी मौत हो गई। इस बारे में पिता की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई। महिला की शादी को पांच वर्ष से कम ही समय हुआ था। जांच एसडीएस लूणी द्वारा की जा रही है। लूणी पुलिस ने बताया कि कालीजाल निवासी बाबूलाल जाट ने मर्ग में रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि पीहर आई हुई उसकी बेटी 23 वर्षीय चैनकी पत्नी रूघाराम जाट ने 21 मई को भूलवश घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया था। जिस पर उसकी तबीयत बिगड़ गई। अस्पताल में भर्ती कराए जाने के बाद उसकी उपचार के बीच मौत हो गई। लूणी एसडीएम की उपस्थिति में शव का पोस्टमार्टम करवा परिजन को शव सौंपा गया। उसकी शादी को पांच वर्ष से कम ही समय हुआ था। मामले में अठिाम अनुसंधान जारी है।

चल संपति कुर्क करने का आदेश

जोधपुर, (कासं)। वाणिज्यिक न्यायालय संख्या 2 जोधपुर ने युनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी की चल संपति कुर्क करने का आदेश दिया है। लेरिया आर्ट पैलेस को वर्ष 2015 में भीषण अग्निकांड में हुए नुकसान की आधी अधूरी भरपाई के बाद दायर वाद में वाणिज्यिक न्यायालय और हाइकोर्ट के फैसले के बाद बीमा कंपनी की ओर से दायर विशेष अनुमति याचिका को सुप्रीम कोर्ट द्वारा खारिज होने के बावजूद वादी डिक्रीडर को 2 करोड़ 32 लाख 85 हजार 864 रुपए का भुगतान 27 मई तक नहीं करने पर 28 मई को बीमा कंपनी की चल संपति कुर्क करने का आदेश वाणिज्यिक न्यायालय ने जारी किया।

हुक्काबार पकड़े

जोधपुर । रेस्टोरेंट की आड़ में अवैध रूप से हुक्काबार का संचालन का पता लगने पर अलग अलग थाना क्षेत्र की पुलिस ने रेड दी। रेस्टोरेंट एवं कैफे संचालकों के खिलाफ केस दर्ज किए गए। मौका स्थल से हुक्का सामठी को जब्त किया गया। बासनी थानाधिकारी नितिन दवे ने बताया कि मुखबिरी सूचना मिली कि सांगरिया बाइपास रोड पर क्लब एनएच में अवैध रूप से हुक्काबार चलाया जा रहा है। इस पर उन्होंने मयजाब्ते के वहां पर रेड दी। कैफे के संचालक सोभागपुरा उदयपुर निवासी राहुल पुत्र राजेंद्र दर्जी के खिलाफ केस बनाकर उसे गिरफ्तार किया गया है। कैफे से अवैध हुक्का सामठी को जब्त किया गया ।

आसमान से बरसेगी आग

पाली । इन दिनों गगन से बरसती सूरज की आग ने पाली शहर समेत समूचे मारवाड़ आंचल को झुलसा के रख दिया है। वहीं रविवार से शुरू हो रहे नौतपा के मद्देनजर आगामी दिनों में गर्मी बढ़ ने के साथ ही पारा परवान पर रहने का अनुमान है। प्रचंड गर्मी के चलते पाली शहर का तापमान पिछले चार-पांच दिनों से तेज है।

रावणा राजपूत समाज के सम्मेलन में जिला स्तरीय प्रतिभावानों का सम्मान

■ हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक महोत्सव कार्यक्रम 22 मई व 23 को आयोजित किया गया, 22 मई को रात्रि कालीन भजन संध्या का आयोजन किया गया,

जालोर, (कासं)। अखिल भारतीय रावणा राजपूत सेवा संस्थान सुंधा पर्वत व जिला महासभा, युवा महासभा जालोर के तत्वावधान में आयोजित सुंधा माताजी धर्मशाला का 15 वां वार्षिक महोत्सव एवं जिला स्तरीय प्रतिभावान सम्मान समारोह सुंधा माता धर्मशाला मे आयोजित किया गया ।

महासभा जिला अध्यक्ष राजू सिंह राजपुरा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक महोत्सव कार्यक्रम 22 मई व 23 को आयोजित किया गया, 22 मई को रात्रि कालीन भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमे ओमप्रकाश प्रजापत एंड पार्टी व संजू राव ने अपने भजनों की प्रस्तुति दी, सुंधा माता धर्मशाला ट्रस्ट अध्यक्ष जसराज सिंह मेडा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केसर सिंह उप निदेशक कृषि विपणन विभाग जयपुर रहे। साथ ही विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सिंह भाटी, मंजीत पाल सिंह सांवराद, पूनम सिंह राङ्गौड, रामदेवरा धर्मशाला अध्यक्ष ईश्वर सिंह जसोल, सिरोही जिला अध्यक्ष करण सिंह चौहान, गजेंद्र सिंह सिसोदिया, भंवर सिंह राजपुरा रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा जिला अध्यक्ष राजू सिंह राजपुरा ने की, युवा महासभा जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह सिसोदिया ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतिभावान सम्मान समारोह मे राजकीय सेवा में चयनित प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया, साथ ही आठवीं, 10वीं, 12वीं,स्नातक,स्नातकोत्तर व अन्य परीक्षा में अच्छे अंक लाने वालों व खेल मे राज्य स्तर पर भाग लेने वालो को भी सम्मानित किया । महासभा महामंत्री राजू सिंह बडगाव ने बताया कि कार्यक्रम मे महामंडलेश्वर संतोष भारती महाराज, लेरपुरी महाराज, ललित गिरी महाराज का सानिध्य रहा, कार्यक्रम मे ईश्वर सिंह देवल अध्यक्ष चामुंडा माताजी ट्रस्ट व प्रतिनिधि गण को भी सम्मानित किया गया । गिरधारी सिंह राजपुरा ने बताया कि कार्यक्रम मे भामाशाह परिवार भवानी सिंह देवडा चांदूर, उत्तम सिंह राठौड हिम्मतपुरा, विक्रम सिंह देवल दांतलावास, फूटर सिंह परमार चुंडा, बंसी सिंह परमार चुंडा,रमेश सिंह साविधर, दिनेश सिंह बडगूजर साविधर, अमर सिंह सोढा साविधर, बलवंत सिंह राठौड हिम्मतपूरा, देवी सिंह चौहान पीथापुरा, अर्जुन सिंह सोढा भरुडी, मुकेश सिंह सोढा भरुडी, जबर सिंह परिहार पचपदरा, लक्ष्मण सिंह गोहिल धानेरा, लाख सिंह इंदा राजीकावास, नरेंद्र सिंह परमार मोदरान, गणपत सिंह राठौड राजीकावास, जवान सिंह राठौड राजीकावास, तग सिंह गेहलोत राजीकावास, वरधसिंह चौहान राजीकावास, रमेश सिंह परमार चांदूर, बाग सिंह देवडा मुंथला काबा, भंवर सिंह परमार राजपुरा, बाग सिंह देवडा मुंथला काबा को सम्मानित किया गया । कार्यक्रम मे मंच संचालन संतोष सिंह धांधल, मग सिंह दहिया, राजेंद्र सिंह सियाणा ने किया । कार्यक्रम मे वीरेंद्र सिंह पंवार, हीर सिंह साविधर, लाख सिंह राजीकावास, मोह्हबत सिंह भीनमाल,शिव सिंह बडगाव,दलपत सिंह चौहान, प्रताप सिंह राजीकावास, जितेंद्र सिंह नाथावत, तखत सिंह राजीकावास, ओट सिंह शिवगढ, राजू सिंह दाँतलावास, बद्री सिंह दांतलावास संस्था पक अध्यक्ष, पहाड सिंह कुण्डल, भाकर सिंह,मसर सिंह राजपुरा,शंकर सिंह रेवत, अशोक सिंह तवाव, मांगू सिंह भागलभीम, परबत सिंह डोरडा, भरत सिंह पहाडपुरा, शंभू सिंह दातलावास, नारायण सिंह सायला, कालू सिंह मालवाडा, नटवर सिंह बडगाव, मसर सिंह डांगरा, श्रवण सिंह टांपी, शंकर सिंह करावडी, हिम्मत सिंह बडगांव, ओब सिंह रामसीन, नारायण सिंह भीनमाल, शैतान सिंह खेडा बोरटा, विक्रम सिंह सायला, हनुमान सिंह लाखणी, करण सिंह पादर, भवानी सिंह साग?वा, मनोहर सिंह बेरङ्ग, भेरू सिंह उप निरीक्षक पुलिस, भैरों सिंह अतिरिक्त विकास अधिकारी, रतन सिंह जीतपुरा, प्रताप सिंह भीनमाल, हेम सिंह थराद,अर्जुन सिंह खांडा देवल, कुणाल सिंह दहिया, दुदवर सिंह टांपी, कृष्ण सिंह चौरा उपस्थित रहे ।

भाटी स्मृति पुस्तिका का विमोचन

जोधपुर, (कासं)।श्रमिक नेता मोहन सिंह भाटी स्मृति पुस्तिका के विमोचन समारोह जोधपुर डिस्कॉम बिजली कर्मचारी संघ इंटक के बैनर तले शिवबाड़ी चांदपोल में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के आतिथ्य व राजस्थान इंटक के प्रदेश अध्यक्ष जगदीशराज श्रीमाली की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ । इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक मनीषा पंवार, महापौर कुंती परिहार , पूर्व राज्य मंत्री राजेंद्र सोलंकी , धर्मेन्द्र राठौड़ पूर्व अध्यक्ष आर टी डी सी , रमेश व्यास सेक्रेटरी जनरल राजस्थान इंटक , मंडल दत्त जोशी उपाध्यक्ष राजस्थान इंटक , मनोज वैष्णव अध्यक्ष जोधपुर डिस्कॉम बिजली कर्मचारी संघ इंटक, हुक्म चंद चौहान महामंत्री जोधपुर डिस्कॉम बिजली कर्मचारी संघ इंटक, प्रकाश सतपाल सरंक्षक जोधपुर डिस्कॉम बिजली कर्मचारी संघ इंटक, जिला अध्यक्ष दक्षिण कांठोस नरेश जोशी , सलीम ख़ान जिला अध्यक्ष कांठोस उत्तर इंटक जिलाध्यक्ष राजेंद्र सोलंकी महेंद्र बोहरा अध्यक्ष श्रीमाली समाज करीम जॉनी अप महापौर व सुपारश भंडारी उपस्थित थे। इस आयोजन में जोधपुर , पाली जैसलमेर आबू, सीकर , उदयपुर , बीकानेर ,सिरोही इत्यादि सुदूर स्थानों से विद्युत श्रमिक व इंटक के पदाधिकारियों ने शिरकत कि।

'किसान संघ को मजबूत करना है तो ग्राम इकाई को मजबूत करना है'

रेवदर, (निसं)। भारतीय किसान संघ सिरोही के रेवदर व मणडार तहसील का एक दिवसीय रामचन्द्र धाम कुषमा मालीपुरा मैं आयोजित हुआ शिविर उद्घाटन समारोह में श्रीं रामचन्द्रजी धाम के महंत कैलाशगिरी जी महाराज द्वारा भगवान बलराम के आगे दीप प्रज्ज्वलित करके पुष्प अर्पित किए।तथा सिरोही जिला अध्यक्ष मावाराम चौधरी सोरडा ने ध्वज लगाकर सत्र की शुरुआत हुई संभाग मंत्री सुजान सिंह वडवज ने बताया कि किसान संघ को गांव तक मजबूत करना है तो भारतीय किसान संघ का ग्राम इकाई का कार्यकर्ता को मजबूत होना पडेगा वहीं गांवों में किसानों को भी जागरूक करने कि जरूरत है अभ्यास वर्ग में जोधपुर प्रान्त बीज प्रमुख नाथुराम लोहार अनादरा, वह संभाग मंत्री सुजानसिह वडवज का मार्गदर्शन रहा। जोधपुर बिज प्रमुख नाथूराम लोहार संभाग युवा प्रमुख मुकेश रावल, संभाग प्रचार प्रमुख केहराराम पुरोहित,वासाडा संभाग सदस्य नरसीराम प्रजापत जिला अध्यक्ष मावाराम चोधरी जिला मंत्री उत्तम सिंह राठौड जिला उपाध्यक्ष गणपत सिंह देवडा सह मंत्री खुमाराम चोधरी मंडार एस बी आई बैंक मैनेजर अनील कुमार साल्वी ने भी कार्यकर्ताओ को संबोधित किया। मंच संचालन रेवदर तहसील मंत्री मोहन पुरोहित ने किया। भामाशाह धिरन ठक्कर सरसों प्रोसेसिंग यूनिट मंडार के द्वारा किसानों को अभ्यास वर्ग में सभी किसानों को ठंडा पानी का केन दिया गया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष अजाराम बामणिया जिला पर्यावरण प्रमुख धन्नाराम लुहार रेवदर तहसील अध्यक्ष बाबूलाल कोली मंडार तहसील अध्यक्ष भंवरलाल माली जिला सदस्य प्रताप राम वासाडा तहसील उपाध्यक्ष कालुराम माली मुलाराम पुरोहित गणपत भाई पटेल हसाराम कोली सेरवा वेला राम चोधरी पोसितरा बाबुलाल घांची पदमाराम चोधरी विकणवास राजाराम चोधरी धनपुरा मफाराम मालीपुरा अर्जुन राम सोरडा जीवाराम घांची नागाणी नारायण सिंह गोविंद सिंह अनादरा रणछोड राम सैन अनादरा रताराम महेंद्र चौधरी लवजीराम माली भीम सिंह देवडा प्रेम सिंह देवडा डागराली सहीत सैकडों किसान संघ के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विजय गोठवाल राष्ट्रीय सचिव बने

रेवदर, (निसं)। राष्टीय हिंदू फ्रंट व जनसंख्या समाधान फाउंडेशन संगठन की राष्टीय कार्यकारिणी इन्द्रेश कुमार के मार्गदर्शन में घोषित हुई। इंद्रेश कुमार ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण कानून और यूनिफार्म सिविल कानून बनवाना तथा वक्फ बोर्ड की पूर्ण समाप्ति सहित सनातन समाज के समक्ष उपस्थित तमाम चुनौतियों के समाधान हेतु सतत कार्य करना संगठन का उद्देश्य है। अंतिम लक्ष्य भारत को परमवैभव पर पहुंचाकर हिंदू राष्ट बनाना है। राष्टीय संयोजक ममता सहगल ने बताया कि राष्टीय कार्यकारिणी के प्रारम्भिक एवं अंतिम पृष्ठ में लाल कलम से अंकित इन्द्रेश भाई की टिप्पणी की गई है जो पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के लिए मार्गदर्शन करेंगी। राष्टीय अध्यक्ष अनिल चौधरी ने कहा की विजय गोठवाल एडवोकेट ने सिरोही जिलाध्यक्ष रहते संगठन में बेहतरीन प्रदर्शन किया जिसके कारण इनका चयन राष्टीय मंत्री के रूप में किया गया है और आशा की जाती है कि राष्टीय सचिव के रूप में विजय गोठवाल राष्टीय हिंदू फ्रंट संगठन के लिए उत्तम प्रदर्शन करके दिखाया।

केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत का किया जोरदार स्वागत

पाली, । मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की बजट घोषणा वर्ष-2024-25 के अंतर्गत स्वीकृत 55 लाख रुपए की लागत से साण्डेराव के बस स्टेंड के मरम्मत अनुरक्षण व जनसुविधा विकास कार्यों का भूमि पूजन शनिवार को पशुपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने किया। इस स्वीकृत राशि से बस स्टेंड की चारदिवारी का निर्माण व शौचालयों की मरम्मत का कार्य होगा। कार्यक्रम में पहुंचने पर मंत्री कुमावत का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान जोराराम कुमावत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार राज्य के सतत विकास के लिये पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास संसाधनों की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल इस बात की है कि उपलब्ध बजट का समय पर और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों की यह ज़िम्मेदारी है कि राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त बजट का अधिकतम उपयोग कर सेवाओं को सुदृढ़ किया जाए। उन्होंने सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधोसंरचनात्मक निर्माण कार्यों की सतत निगरानी की जाए तथा एजेंसियों को समय पर सचेत कर कार्यों को गति प्रदान की जाए।

इस मौके पर पंचायत समिति प्रधान उर्मिला कंवर, फालना आगार की चीफ मैनेजर सुश्री रूचि पंवार, जिला परिषद सदस्य तनुश्री चौहान, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि शिवराज सिंह, सांडेराव की प्रशासक दाकु देवी, एसडीएम कालूराम, सांडेराव मंडल उपाध्यक्ष शंकर सिंह काकू, पूर्व प्रधान सुमेर सिंह राणावत, मुकन सिंह राणावत सांडेराव, गणपत सिंह देवतरा, चंपालाल सुथार, पूर्व मंडल अध्यक्ष महिपाल सिंह जोधा, सांडेराव मंडल के महामंत्री मुकेश मोदी, कोसेलाव के प्रशासक हनुमान भाटी, सिंदरू के प्रशासक नरेंद्र देवाली, समाजसेवी कालूराम परमार, जोराराम देवासी, इंद्रसिंह जाखोड़ा, पूर्व उप प्रधान सुमेरपुर जगत सिंह राणावत आदि मौजूद रहे।

चार गाड़ियां चोरी

जोधपुर । शहर में गत 24 घंटों में अलग अलग स्थानों से चोरी हुई चार गाडिय़ों के संबंध में पुलिस में मामलें दर्ज कराए गए। प्रतापनगर सदर पुलिस ने बताया कि मूलत: बालोतरा के समदड़ी थानान्तर्गत चिरडिया हाल राजपूत हॉस्टल पावटा बी रोड पर रहने वाले सुमेर सिंह पुत्र मदन सिंह अपनी बाइक लेकर पांचवीं रोड स्थित एक कोचिंग संस्थान आया था, जहां से उसकी बाइक चोरी हो गई। इसी तरह देवनगर थाने में दी रिपोर्ट में राजीव गांधी कॉलोनी पाल लिंक रोड निवासी देवी सिंह पुत्र मुकेश सिंह ने पुलिस को बताया कि उसके घर के बाहर से बाइक चोरी हो गई। उसने मध्यप्रदेश के गुना निवासी सोनू नाम के युवक पर संदेह जाहिर किया। उसकी बाइक 16 मई को चोरी हुई थी। इधर सदर बाजार पुलिस ने बताया कि चितेरों की गली व्यापारियों का मौहल्ला निवासी जाकिर हुसैन पुत्र मो. उमर की बाइक घर के बाहर से चोरी हो गई। जबकि अशोक नगर महामंदिर निवासी रणवीर सिंह पुत्र किशोर सिंह गहलोत की एक्टिवा उसके घर के बाहर से रात में चोरी हो गई।

जालोर में सिलावट समाज की प्रतिभाओं का किया सम्मान

जालोर, (कासं)। जालौर शहर के दरगाह गैबनशाह गाजी में शुक्रवार शाम 8 बजे सिलावट समाज जालोर की प्रतिभाशाली बेटियों का सम्मान समारोह सिलावट समाज के पेश इमाम सलीम मुस्तफाई की सरपरस्ती में किया गया।

समारोह के आयोजक शहजाद खान ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा सीनियर सेकेंडरी कला, विज्ञान व वाणिज्य वर्ग का परीक्षा परिणाम जारी हुआ। जिसमें सिलावट समाज की बेटियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर समाज को गौरवान्वित किया । विज्ञान वर्ग में सुहाना पुत्री मोहम्मद इफ्तिकार हुसैन ने 83.20 प्रतिशत अंक व जुले खा पुत्री शाहिद अली ने 78 प्रतिशत अंक अर्जित किये। वही कला वर्ग में मुमताज बानो पुत्री उजीर खान ने 84.20 प्रतिशत एवं वाणिज्य वर्ग में जोया पुत्री मोहम्मद आरिफ ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। वही 11वीं कक्षा में जिया पुत्री मोहम्मद आरिफ ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर उनका भी सम्मान किया गया । सिलावट समाज की प्रतिभाशाली बेटियों का समाज के लोगो ने सम्मान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए साफा ,माला पहना कर एवं मोमेंटो देकर मुँह मीठा कर बधाई दी। वही कार्यक्रम मे समाज की प्रतिभाशाली बेटियों ने भविष्य मे अपने अपने लक्ष्य व उद्देश्य साझा किये। साथ ही प्रतिभाशाली बेटियों ने समाज द्वारा सम्मान करने पर समाज का आभार जताया।

आयोजक शहजाद खान ने कहा कि समाज की बेटियों ने सीनियर सैकंडरी परीक्षा कला, विज्ञान व वाणिज्य वर्ग मे उत्कृष्ट अंक अर्जित कर समाज का नाम रोशन किया । सिलावट समाज मे अब बालिका शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ रही है।बेटियो के अच्छे अंक लाने से समाज को गर्व की अनुभूति हो रही है। उन्होंने समाज के लोगों को शिक्षित होकर आगे अच्छे पद पर चयन होने की शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर पूर्व पार्षद अयूब शेख, मुश्ताक खान, सिराजुद्दीन खान, ईमरान खान, मुजफ्फर अली सैयद , रमजान खान, लियाकत अली ,रहमान खान, मोहम्मद हुसैन, मोहम्मद रफीक, राजू शेख, असलम शेख, जानशेर खान, जहांगीर खान,जाकिर खान, हिदायत खान,रफीक खान, वाजिद अली ,इरफान खान, एजाज अली, इकबाल खान, मजीद खान,शाकिर अली, शमशेर अली, मुजफ्फर मंडोरी, अमीन भाई, आबाद खान रमजान भाई रंगरेज सहित बडी संख्या में लोग मौजूद थे

अवैध डोडा पोस्त मिला

जोधपुर, (कासं)। कमिश्ररेट में आयुक्तालय के दिशा निर्देश पर जिला पूर्व एवं पश्चिम में अवैध हथियारों की धरपकड़ एवं मादक पदार्थों की तस्करी रोकथाम के लिए नाकाबंदी में वाहनों की चैकिंग निरन्तर चल रही है। इसी कड़ी में विवेक विहार थाना पुलिस ने नाकाबंदी में तडक़े निजी बसों की चैकिंग की। दो बसों में सवार यात्रियों के पास में अवैध डोडा पोस्त मिला। जिस पर दो युवकों को मादक पदार्थ के साथ पकड़ा गया।

कम मात्रा में मादक पदार्थ होने पर उन्हें बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया। विवेक विहार थानाधिकारी दिलीप खदाव ने बताया कि डी मार्ट पाली रोड के पास नाकाबंदी कर निजी बसों की चैकिंग चल रही थी। तब 27 बसों को चैक किया गया। माल लदान के साथ ओवरलोड सवारियों को देखा गया। दो बसों में यात्रियों बीकानेर के नोखा स्थित रानीसर निवासी शांतिलाल पुत्र अर्जुनराम विश्रोई के पास में 823 ठाम अवैध डोडा पोस्त मिला।

अमर शहीद प्रताप सिंह बारहट जयंती समारोहपूर्वक मनाई

■ प्रधानाचार्य नीबसिंह ने वीर शहीद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर तथा मरुधर बैंक मैनेजर नवीन शर्मा, संस्कार विद्यालय के संस्थाप्रधान राजेश जांगिड ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

जालोर, (कासं)। राजकीय उ मा विद्यालय दयालपुरा में समाजसेवा शिविर में महान क्रांतिकारी अमर शहीद प्रतापसिंह बारहट जयंती कार्यक्रम समारोहपूर्वक सम्पन्न हुआ।

समाजसेवा शिविर में महापुरुषों की जयंती कार्यक्रम के अंतर्गत क्रांतिकारी केसरी सिंह बारहट के पुत्र प्रतापसिंह बारहट की जयंती और पुण्यतिथि मनाई गई। प्रधानाचार्य नीबसिंह देवल ने वीर शहीद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर तथा राजस्थान मरुधर बैंक मैनेजर नवीन शर्मा, संस्कार विद्यालय के संस्थाप्रधान राजेश जांगिड ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह में विद्यार्थियों किशोर कुमार दिव्या कुमारी,अरुणा कुमारी, खुश्बू कंवर ,लक्ष्मी कुमारी कुम कंवर,पार्वती कुमारी ने अपने विचार प्रकट किए। अध्यापक गिरिराज सिंह ने प्रतापसिंह बारहट के जन्म देवखेडा (शाहपुरा) में होने से बरेली जेल में शाहिद होने तक के समय पर विस्तार से प्रकाश डाला। महीपालसिंह करनोत ने कहा कि मेवाड घराने का गौरव अक्षुण्ण रखने में ऐसे परिवार का बडा योगदान रहा। शिविर प्रभारी नरेंद्र बोस ने केसरीसिंह, जोरावरसिंह सहित स्वतंत्रता सेनानी परिवार के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत का आजादी के संघर्ष में बारहट परिवार का योगदान अतुलनीय है। दलनायक शिक्षक माधुसिंह बालोत ने कहा की भगतसिंह के क्रांतिकारी गुरू शचींद्रनाथ सान्याल अपनी पुस्तक बंदी जीवन में लिखते है कि उन्होंने क्रांति प्रताप से सीखी है । प्रतापसिंह बारहट थे जिन्होंने 24 मई 1893 को जन्म लेकर 24 मई 1918 को उत्तर प्रदेश की बरेली जेल में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। कार्यक्रम सहयोगी नवीन शर्मा रहे। प्रधानाचार्य नीबसिंह देवल ने बच्चों को ऐसे वीर के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही । समारोह में प्रधानाध्यापक लक्ष्मणदान,गणपतलाल जीनगर व्याख्याता,किरण चौधरी, मणिदान चारण,वरिष्ठ सहायक, रमेशकुमार बोस सहित मानिंद लोग तथा पूर्व विद्यार्थी उपस्थित रहे। वही शहर स्थित श्री करणी चारण छात्रावास में शनिवार को क्रांतिकारी केसर सिंह बारहट के सुपुत्र क्रांतिकारी प्रताप सिंह बारहङ्ग की जन्म तिथि एवं पुण्यतिथि मनाई गई इसमें करणी चारण छात्रावास की समस्त छात्रों ने भाग लिया इस अवसर पर छात्रावास संचालन समिति के करणीदान चारण ने बारहट के क्रांतिकारी जीवन पर प्रकाश डाला । चारण ने बताया कि केसरी सिंह बारहट का पूरा परिवार देश की क्रांति के लिए समर्पित हो गया विभिन्न यातनाएं के पश्चात भी अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लडाई में परिवार का बहुत बडा योगदान रहा है।

647 प्रकरणों का निस्तारण

जैसलमेर । राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ एडीआर सेंटर में अधिकारीगण, बैंकर्स व अन्य विभागों के अधिकारियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 6995 प्रकरण रखे गये जिसमें से 647 प्रकरणों का निस्तारण हुआ जिसमें 8.71 करोड राशि के अवार्ड पारित किये गये। कुल निस्तारित प्रकरणों में से 509 प्रकरण न्यायालय में लंबित थे व 138 प्रकरण न्यायालय में जाने से पूर्व ही प्री-लिटिगेशन स्टेज पर निस्तारित किये गये। राष्ट्रीय लोक अदालत के लिये कुल 4 बैंचों का गठन किया गया जिनकी अध्यक्षता न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय चन्द्र प्रकाश सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव किशोर कुमार तालेपा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जैसलमेर विजेंद्र कुमार तथा अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, पोकरण नवीन रतनू ने की। बैंच में सदस्यों के रूप में जिला मुख्यालय पर मोहम्मद जहांगीर मलिक आदि शामिल थे।

सार-समाचार

अवैध शराब कारोबियों को पकड़ा

जोधपुर, (कासं)। कमिश्नरेट पुलिस ने शुक्रवार को माइनर एक्ट में कार्रवाई करते हुए आबकारी, आम्र्स एक्ट आदि के प्रकरण दर्ज किए। अलग अलग स्थानों से देशी अंग्रेजी मदिरा के अवैध बीयर को भी जब्त किया गया। कुडी भगतासनी थानाधिकारी हमीर सिंह ने झालामंड गांव में हरीराम पुत्र बाबूलाल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 4 केन, 8 बोतल बीयर जब्त की। जबकि थाने के एएसआई महादेव ने 9 सेक्टर में विनीत मेवाड़ा पुत्र अनिल मेवाड़ा को पकड़ा और 50 पव्वें देशी शराब के जब्त किए। वहीं मथानिया थाने के एसआई चन्द्रकिशोर ने रिणिया गांव में रामपाल पुत्र सेठाराम राव से देशी शराब के 48 पव्वें बरामद किए। इधर सूरसागर थाने के हैड कांस्टेल सेणीदान ने भैरवा भाखर भील बस्ती कबीर नगर क्षेत्र में फरीदा पत्नी पारस नट को गिरफ्तार कर बेचने को रखे 07 पव्वें जब्त किए। चौपासनी हाऊसिंग बोर्ड थाने के एएसआई भीम सिंह ने बिहारी कॉलोनी पूर्वी पाल विस्तार योजना में अंकित पुत्र किशनलाल आचार्य को गिरफ्तार किया और अवैध शराब जब्त की। वहीं बासनी थाने के हैड कांस्टेबल किशनाराम ने छीपों की प्याऊ सांगरिया क्षेत्र में गोविन्द पुत्र मूलाराम सुथार, बासनी थाने के एसआई सुरेश ने पाल मैन रोड राधाकृष्ण विहार क्षेत्र में रमेश सिंह पुत्र भग सिंह को पकड़ा और शराब जब्त की। एसआई सुरेश कुमार ने कार शो रूम सालावास रोड पर अवैध शराब बेचने की सूचना पर दबिश दी तो मौके से तस्कर भाग छूटा। पुलिस ने मौके पर रखी शराब जब्त की। मंडोर थाने के एएसआई शेषाराम ने एनएलयू के सामने रेस्टोरेंट कंट्री साईड कैफे में बिठाकर शराब पिलाने के आरोप में जावेद को पकड़ा और वहां से अंठोजी शराब की बोतलें जब्त की।

योग पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में 25 जने लाभान्वित

जालोर, (कासं) । अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर 30 दिवसीय काउंटडाउन योग पूर्वाभ्यास कार्यक्रम के तहत शनिवार को सोनगरा बालोधान जालोर में योगाभ्यास कराया गया। तीस दिवसीय योगाभ्यास राजकीय योग एवं अनुसंधान केंद्र आयुर्वेद विभाग के योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिता वर्मा के निर्देशन में संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शनिवार को योगाभ्यास कार्यक्रम में 25 जने लाभान्वित हुए। जिसमें 12 महिलाएं और 13 पुरुष शामिल रहे। डॉ. वर्मा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर तीस दिवसीय काउंटडाउन योगाभ्यास कार्यक्रम का शुभारंभ 20 मई को किया गया था, जो कि 20 जून तक प्रतिदिन आयोजित किया जाएगा। इस साल योगा फॉर वन अर्थ वन हेल्थ की थीम पर योगाभ्यास कराया जा रहा है। जो कि मानव स्वास्थ के साथ पृथ्वी के स्वास्थ्य को भी ध्यान में रखते हुए योग को वैश्विक समाधान के रुप में प्रस्तुत करती है। डॉ. वर्मा ने बताया कि योग को लेकर चलाए जा रहे अभियान का उद्देश्य नागरिकों को योग से जोडकर उन्हें शारीरिक, मानसिक व भवनात्मक रुप से सशक्त बनाना है। आयुर्वेद अस्पताल के पीएमओ डॉ. हंसाराम माली ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि एक जीवन शैली है। जो समस्त स्वास्थ्य व संतुलित जीवन जीने में सहायक है। उन्होंने आमजन से इस योगाभ्यास कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम निशुल्क है और हर आयु वर्ग के लोग इसमें भाग ले सकते हैं।

दांता और सिंदरत में फर्जी क्लिनिक पकडे

रेवदर । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश खराडी के निर्देशन में एवं उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.पी. शर्मा के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शु वार को दांता गांव और सिंदरत क्षेत्र में फर्जी क्लिनिकों पर बडी कार्रवाई की। दांता गांव में बांगली झोला छाप प्रेम